**Q.P. Code:00000106**

**[समय: ३ घंटे]** **[पूर्णांक : १०० ]**

**कृपया जांचें कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है या नहीं।**

**सूचनाए:**
**१. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
**२. दायीं ओर के अंक पूर्ण अंक दर्शाते हैं।**
**3. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १.** **निम्न लिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **२४**

(क) "मुहल्ले में चौधरी पीरबख्श की इज्जत थी | इज्जत का आधार था, घर के दरवाजे पर लटका परदा भीतर जो हो, परदा सलामत रहता |"

**अथवा**

"काका, मैंने अकेले लढाईयाँ लड़ी हैं | हर बार मैं पिटा हूँ | हर बार हारा हूँ | अब अकेले नहीं, सबके साथ मिलकर देखूँगा कि सालों में कितना जोर है |"

(ख) "मानवमात्र की सेवा करने का बीड़ा हमने उठाया है | हमें समाज की उन्नति करनी है, देश को आगे बढ़ाना है |"

**अथवा**

"उपन्यास की सच्चाई के मानदंड इस बात पर निर्भर नहीं होते कि अमुख घटना वास्तव में घटी थी या नहीं, बल्कि इस बात पर कि जीवन के समूचे यथार्थ के परिप्रेक्ष्य में यह घटना विश्वसनीय बन पाई है या नहीं |"

**प्रश्न २.** **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **३०**

(ग) 'डाची' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को विस्तार से स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

'प्रतिशोध' कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है, उसे रेखांकित कीजिए |

(घ) 'महाभारत की एक साँझ' एकांकी में घटित घटना का वर्णन कीजिए |

**अथवा**

'भाषा बहता नीर' निबंध के माध्यम से लेखक की चिंता को अभिव्यक्त कीजिए |

**प्रश्न ३.** **निम्न लिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए |** **१५**

(च) 'काला शुक्रवार' में मानवीय प्रवृत्ति को किस प्रकार से दर्शाया है, उसपर विस्तार से प्रकाश डालिए |

**अथवा**

(छ) 'सरहद के उस पार' और 'सरहद के इस पार' में क्या अंतर और समानताएँ है, उसे रेखांकित कीजिए|



26006D022367F57ED8FF9EB62CF25384

**प्रश्न ४.** **निम्न लिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए |** **१६**

(ज) 'नौकरी पेशा' कहानी का उद्देश्य |

**अथवा**

'कर्मनाशा' की चारित्रिक विशेषताएँ |

(झ) 'सरयू भैया' का कथासार |

**अथवा**

'नजर नसाई गई मालिक' की समीक्षा कीजिए |

**प्रश्न ५.** **निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **१५**

१) किस कहानी पर शेक्सपियर के 'टेम्पेस्ट' का प्रभाव है ?
२) 'नौकरी पेशा' कहानी में राधेलाल को किस प्रकार का व्यक्ति बताया गया है?
३) गरीब का एक मात्र सहायक कौन है?
४) डाची को बाकर के हाथों सौपते हुए नंदू चौधरी कैसा महसूस करता है?
५) 'भेड़िए' कहानी की मुख्य पात्र कौन है?
६) 'भुवनेश्वर' का मूल नाम क्या है?
७) कुलदीप और भैरोपांड़े के बीच किस प्रकार का संबंध था?
८) किस नगर की औरतों ने अपने घर में लोगों को पनाह दी थी?
९) 'टेपचू' कहानी के लेखक का नाम लिखिए?
१०) 'नजर नसाई गई मालिक' में लेखक के पास कौन नौकरी माँगने आता है?
११) राजा के बड़े पुत्र ने राजा बनने के लिए किन गुणों को आवश्यक समझा?
१२) दुर्योधन के अनुसार सच्चा योद्धा, दानवीर और धर्मी कौन था?
१३) कटिहार जिले से नेपाल की दूरी कितनी है?
१४) तमस पर फिल्म कौन बना रहा था?
१५) लेखक का दायित्व किसके दायित्व से बड़ा है?



26006D022367F57ED8FF9EB62CF25384